डॉ. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति और राज्य योग्यता (श्रीदेव सुमन) राज्य मेधावी छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने **डॉ. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति** को **250 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 1500 रुपए** प्रतिमाह तथा **राज्य योग्यता (श्रीदेव सुमन) राज्य मेधावी छात्रवृत्ति** को **150 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000 रुपए प्रतिमाह** करने का शासनादेश जारी किया है।

प्रमुख बिंदु

- **डॉ. शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति पहले 11 बच्चों को** दी जाती थी, जिसे **अब 100 बच्चों को** प्रदान किया जाएगा।
- **राज्य योग्यता (श्रीदेव सुमन) राज्य मेधावी छात्रवृत्ति योजना में प्रत्येक विकास खंड से 5 छात्र-छात्राओं का चयन** कर राज्य भर से प्रतिवर्ष 475 छात्र-छात्राओं को इस छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाएगा।
- डॉ. शिवानन्द नौटियाल छात्रवृति के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के छात्र/ छात्राओं एवं राज्य योग्यता (श्रीदेव सुमन) राज्य मेधावी छात्रवृत्ति कक्षा 9 से 12 के अंतर्गत छात्रावाशी एवं अछात्रावाशी छात्र/ छात्राओं को प्रदान की जाती है।
- इन दोनों छात्रवृत्तियों का **संचालन विद्यालयी शिक्षा विभाग उत्तराखंड द्वारा** किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dr-shivanand-nautiyal-scholarship-and-state-merit-state-meritorious-scholarship